राजीव-लोंगोवाल समझौते का कार्यान्वयन

4113. **श्री अनन्त राम जायसवाल :** क्या गृह मंत्री 7 दिसम्बर, 1992 को राज्य सभा में तारांकित प्रश्न 184 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :—

(क) राजीव-लोंगोवाल समझौते में कौन-कौन से करार शामिल हैं;

(ख) उपर्युक्त भाग (क) में उल्लिखित करारों में से अब तक किन-किन को कार्यान्वित किया जा चुका है और किन-किन करारों का कार्यान्वयन अभी बाकी है तथा उन्हें कब तक कार्यान्वित कर दिया जाएगा; और

(ग) पंजाब विधान सभा के चुनावों से पूर्व पंजाब के लिए जिस एकमुश्त योजना का सरकार प्रचार कराती रही, वह योजना राजीव-लोंगोवाल समझौते तक ही सीमित है अथवा उसमें कुछ अन्य कार्यक्रम भी शामिल हैं; यदि हां, तो ऐसे कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है?

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० एम० जेकब) : (क) से (ग) सरकार को राजीव-लोंगोवाल समझौता मान्य है और वह इसे लागू करने के लिए वचनबद्ध है। समझौते की अधिकांश मदों को कार्यान्वित किया जा चुका है और शेष मदों का सामान्य स्वीकार्य हल निकालने के लिए भरसक प्रयास किए जा रहे हैं। राजीव लोंगोवाल समझौते की विभिन्न मदों, जो कार्यान्वित किए गए और जिन्हें अभी कार्यान्वित किया जाना है, का एक विवरण संलग्न है।

विवरण

सरकार राजीव-लोंगोवाल समझौते को कार्यान्वित करने के लिए वचनबद्ध है। समझौता ज्ञापन में सम्मिलित 11 मदें निम्न प्रकार से हैं :

1. मारे गए निर्दोष व्यक्तियों को मुआवजा;
2. सेना में भर्ती ;
3. नवम्बर की घटनाओं की जांच;
4. सेना से सेवा मुक्त किए गए व्यक्तियों का पुनर्वास ;
5. अखिल भारतीय गुरुद्वारा अधिनियम;
6. लम्बित मामलों में निपटान;
7. क्षेत्रीय दावे ;
8. केन्द्र राज्य संबंध;
9. नदी जल का बटवारा ;
10. अल्पसंख्यकों का प्रतिनिधित्व और
11. पंजाबी भाषा का विकास;

11 मदों में से निम्नलिखित 8 मदों को, अधिकांशत: कार्यान्वित कर दिया गया है :—

1. मारे गए निर्दोष व्यक्तियों को मुआवजा;
2. सेना में भर्ती ;
3. नवम्बर की घटनाओं की जांच
4. सेना से सेवा मुक्त किए गए व्यक्तियों का पुनर्वास;
5. लम्बित मामलों का निपटान;
6. केन्द्र राज्य संबंध;
7. अल्पसंख्यकों का प्रतिनिधित्व और
8. पंजाबी भाषा का विकास।

निम्नलिखित मदों को अभी निपटाना बाकी है :—

1. अखिल भारतीय गुरुद्वारा अधिनियम;
2. क्षेत्रीय दावे और
3. नदी जल का बंटवारा।

Spying by Army Havildar

4114: SHRI SHANTI TYAGI: Will the Minister of -HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that an army Havildar posted at the Jammu and Kashmir Rifles was apprehended by the p«Kce